**राजस्थान सरकार**
**मंत्रिमण्डल सचिवालय**

क्रमांक प. 11(27)मं.मं. / 2018 जयपुर, दिनांकः—04.06.2019

## —:— सूचना —:—

मंत्रिमण्डल सचिवालय की समसंख्यक आज्ञा दिनांक 04.01.2019 एवं 07.01.2019 द्वारा माननीय मंत्रिगण एवं राज्यमंत्रिगण को जिलेवार प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया है। राष्ट्पिता महात्मा गांधीजी की 150वीं जयन्ती वर्ष पर राज्य के समस्त जिलों में दिनांक 03 जून, 2019 से तिथिवार महात्मा गांधी जी के जीवन पर आधारित 3 दिवसीय कार्यक्रमों के सम्बन्ध में प्रमुख शासन सचिव, कला, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग की अशा0टीप क्रमांक प.28(1)कसं / 2018 पार्ट—III दिनांक 4 जून,2019 द्वारा प्रभारी मंत्री महोदय को गरिमामय उपस्थिति प्रदान करने हेतु निवेदन किया जा चुका है।

अतः निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रमों के सम्बन्ध में कला, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग से प्राप्त जिलेवार सूची संलग्न कर लेख है कि माननीय मंत्री महोदय के प्रभार वाले जिले में निर्धारित तिथि को आयोजित किये जाने वाले 3 दिवसीय कार्यक्रमों में माननीय मंत्री महोदय को उपस्थित होने हेतु अनुरोध करावें।

संलग्नः—उपरोक्तानुसार।

आज्ञा से,

(कैलाश चन्द्र गुप्ता)
वरिष्ठ शासन उप सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. प्रमुख सचिव / सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान।
2. विशिष्ट सहायक, उप मुख्यमंत्री, राजस्थान।
3. **विशिष्ट सहायक / निजी सचिव, मंत्रिगण / राज्यमंत्रिगण को प्रेषित कर लेख है कि कृपया मा0 मंत्री महोदय को उक्तानुसार अवगत करावें।**
4. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान।
5. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव,मंत्रिमण्डल।
6. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, कला, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग।
7. समस्त संभागीय आयुक्त, राजस्थान।
8. **समस्त जिला कलेक्टर्स, राजस्थान को प्रेषित कर लेख है कि उक्त कार्यक्रम हेतु मा0 जिला प्रभारी मंत्री से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही करें।**
9. आयुक्त / निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान।
10. प्रोग्रामर, कम्प्यूटर सेल, सामान्य प्रशासन विभाग।
11. रक्षित पत्रावली।

वरिष्ठ शासन उप सचिव

92/21

## महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी के जिलेवार आयोजन हेतु

## प्रस्तावित कार्यक्रम

| क्र.सं. | जिला | आयोजन तिथि | संगोष्ठी का विषय |
|---|---|---|---|
| 1 | अजमेर | 03–05 जून 2019 | कौमी एकता |
| 2 | पाली | 07–09 जून 2019 | गाँधी दर्शन और कुटीर उद्योग |
| 3 | जोधपुर | 11–13 जून, 2019 | मद्य–निषेध |
| 4 | जालौर | 15–17 जून, 2019 | खादी |
| 5 | सिरोही | 17–19 जून, 2019 | ग्रामोद्योग |
| 6 | राजसमन्द | 21–23 जून, 2019 | स्वच्छता |
| 7 | उदयपुर | 25–27 जून, 2019 | आदिवासी उत्थान |
| 8 | बांसवाड़ा | 29 जून से 01 जुलाई 2019 | कस्तुरबा गांधी का दार्शनिक योगदान |
| 9 | डूंगरपुर | 03–05 जुलाई, 2019 | व्यायाम एवं स्वस्थ जीवन |
| 10 | प्रतापगढ | 07–09 जुलाई, 2019 | गांधी दर्शन और जन सेवा |
| 11 | चित्तौड़गढ | 11–13 जुलाई, 2019 | गांधी के सपनों का भारत |
| 12 | कोटा | 15–17 जुलाई, 2019 | राष्ट्रभाषा |
| 13 | बून्दी | 19–21 जुलाई, 2019 | आर्थिक समानता |
| 14 | बारां | 23–25 जुलाई, 2019 | किसान और देश |
| 15 | झालावाड़ | 27–29 जुलाई, 2019 | मजदूर और विकास |
| 16 | सवाईमाधोपुर | 31 जुलाई से 02 अगस्त 2019 | बुनियादी शिक्षा |
| 17 | करौली | 04–06 अगस्त, 2019 | कुष्ठ रोगी और सेवा |
| 18 | धौलपुर | 08–10 अगस्त, 2019 | विद्यार्थी और गांधीजी के सिद्धान्त |
| 19 | भरतपुर | 12–14 अगस्त, 2019 | महिला सशक्तिकरण |
| 20 | दौसा | 15–17 अगस्त, 2019 | गौ सेवा |
| 21 | अलवर | 19–21 अगस्त, 2019 | गांधी दर्शन व सत्य |
| 22 | झुंझुनू | 23–25 अगस्त, 2019 | अहिंसा और विश्वशांति |
| 23 | सीकर | 27–29 अगस्त, 2019 | गांधी एवं स्वतंत्रता आंदोलन |
| 24 | चुरू | 31 अगस्त से 02 सितम्बर, 2019 | गांधी दर्शन और मानवाधिकार |
| 25 | हनुमानगढ | 04–06 सितम्बर, 2019 | गांधी एवं सतत विकास |
| 26 | श्रीगंगानगर | 08–10 सितम्बर, 2019 | गांधी विचार एवं ग्रामीण विकास |
| 27 | बीकानेर | 11–13 सितम्बर, 2019 | गांधी दर्शन एवं शासन में पारदर्शिता |
| 28 | जैसलमेर | 15–17 सितम्बर, 2019 | गांधी का ग्राम स्वराज |
| 29 | बाड़मेर | 19–21 सितम्बर, 2019 | अस्पृश्यता–निवारण |
| 30 | नागौर | 23–25 सितम्बर, 2019 | शरीर श्रम |
| 31 | भीलवाड़ा | 26–28 सितम्बर, 2019 | सर्वधर्म–समभाव |
| 32 | टोंक | 29 सितम्बर से 01 अक्टूबर 2019 | स्वदेशी |
| 33 | जयपुर | 02–04 अक्टूबर, 2019 | गांधी अतीत ही नहीं, भविष्य भी है। |

1. प्रथम दिवसः– विद्यार्थी, युवा और आमजन द्वारा गांधी संदेश यात्रा एवं स्वतन्त्रता सेनानी व शहीदों के परिजन द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन।
2. द्वितीय दिवसः– जिला स्तर पर "गांधी अतीत ही नहीं भविष्य भी है" विषय पर निबन्ध और "गांधी के सपनों का भारत" चित्रकलां प्रतियोगिता का आयोजन एवं "सद्भावना और विकास" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन
3. तृतीय दिवसः– जिला स्तर पर उपरोक्त विषयों पर संगोष्ठी एवं समापन समारोह का आयोजन

95/

आज ही जारी हो।

**राजस्थान सरकार**
**कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग**

विषयः– राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 150वीं जयन्तीवर्ष पर विभिन्न जिलों में आयोजित किये जाने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रमों के सम्बन्ध में ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150 वीं जयंतीवर्ष के उपलक्ष्य में राज्य के समस्त जिलों में दिनांक 03 जून, 2019 से तिथिवार महात्मा गाँधी जी के जीवन पर आधारित तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी सूचना सम्बन्धित जिले के जिला कलेक्टर को पूर्व में ही प्रेषित की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रमों की जिलेवार सूची संलग्न कर निवेदन है कि आपके प्रभार वाले जिले में संलग्न सूची मे अंकित निर्धारित तिथि को आयोजित किये जाने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रमों में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करने का श्रम करे।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

(श्रेया गुहा)
**प्रमुख शासन सचिव**

विशिष्ट सचिव,
माननीय मंत्री,
.............................................................................
..................................................विभाग, राजस्थान।
**प्रभारी मंत्री, जिला**.........................,

अ0शा0टीप क्रमांक : प. 28(1)क.सं./2018 पार्ट III
जयपुर, दिनांक :

प्रतिलिपिः– जिला कलेक्टर,................................को प्रेषित कर लेख है कि कृपया आपके जिले में अयोजित किये जाने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रमों में पधारने हेतु आपके जिले के सम्बन्धित प्रभारी मंत्री महोदय को आमंत्रित किये जाने की कार्यवाही करने का कष्ट करे।

3/6/19
(रंजीता गौतम)
शासन उप सचिव

Avi/Destop Letters-2017
**Room No. 8237, Second Floor, S.S.O. Building, Government Secretariat, Jaipur-302005**

जारी 04/6/19
ई-मेल- 04/6/19
To all 11:40 PM